बुनियादी शिक्षा कार्यक्रम

†६००. { **श्री राम सेवक यादव :**
श्री किशन पटनायक :
श्रीमती ज्योत्सना चन्दा :
श्री सुबोध हंसदा :
डा० रा० बनर्जी :
श्री प० र० चक्रवर्ती : }

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उन्होंने राष्ट्रीय बुनियादी शिक्षा बोर्ड की पहली बैठक में यह स्वीकार किया है कि बुनियादी शिक्षा का कार्यक्रम असफल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो असफलता के क्या कारण हैं ; और

(ग) इन कारणों को दूर करने के लिये क्या कोई प्रयास किया गया या किया जा रहा है ?

शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) : (क) चूंकि बुनियादी शिक्षा की एकरूप पद्धति समस्त देश में नहीं फैल सकी है, इसलिये इसमें आंशिक असफलता मिली है । इसके विपरीत, बुनियादी शिक्षा के दर्शन और सिद्धान्तों ने न केवल शैक्षणिक पद्धति पर बल्कि हमारे जीवन पर भी समग्र रूप से गहरा प्रभाव डाला है । समस्त प्रारम्भिक स्कूलों में लागू किये गये क्रियाकलापों से, बच्चे के सामाजिक तथा शारीरिक वातावरण के साथ शिक्षण का सम्बन्ध और शारीरिक परिश्रम तथा श्रम-महत्व पर उत्तरोत्तर अधिकाधिक दिये जाने वाले बल से यह बात स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है । सामुदायिक विकास तथा प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीकरण जैसे अनेक सामाजिक और आर्थिक पुनर्गठन के कार्यक्रमों में भी यह यह बात देखी जाती है ।

(ख) ऊपर जिस आंशिक असफलता का उल्लेख किया गया है, उसके निम्नांकित कारण हैं :—

(१) उपयुक्त प्रकार के अध्यापकों की कमी, और (२) वित्तीय साधनों की कमी ।

(ग) जी, हां । भारत सरकार तथा राज्य सरकारों ने विभिन्न अवसरों पर इस कार्यक्रम की जांच की है और कार्यक्रम की कार्यान्विति में सुधार के लिये अनेक कार्रवाइयां भी की हैं । बुनियादी शिक्षा के राष्ट्रीय बोर्ड का गठन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य बुनियादी शिक्षा के कार्यक्रमों की जांच तथा बुनियादी शिक्षा के लिये अपनाई जाने वाली नीतियों तथा कार्यक्रमों के सम्बन्ध में केन्द्रीय और राज्य सरकारों को सलाह देना होगा ।

Heavy Electricals Ltd., Bhopal

*601. **Shri S. M. Banerjee:** Will the Minister of **Steel and Heavy Industries** be pleased to state:

(a) whether a final decision has been taken to set up a joint consultative machinery in Heavy Electricals Ltd., Bhopal;

(b) if so, what is its composition;

(c) if not, the reason for this delay; and

(d) when the same is likely to be formed?

The Minister of Steel and Heavy Industries (Shri C. Subramaniam): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) The management is still in consultation with the State Government.

(d) It is not possible to indicate any time limit.